आवासन मण्डल का बड़ा तोहफा

11 शहरों की 17 आवासीय योजनाओं में बनेंगे 11 हजार फ्लैट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. राजस्थान आवासन मंडल राज्य के 11 शहरों में 17 आवासीय योजनाएं लेकर आ रहा है। इनमें 11 हजार 250 फ्लैट का निर्माण किया जाएगा। इन योजनाओं की लॉचिंग एक माह के भीतर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे। 50 साल में मंडल की यह पहली बड़ी सौगात है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि बुधवार को प्रोजेक्ट कमेटी की बैठक में मंडल की ओर से कर्मचारियों और आमजन को बड़ा तोहफा देते हुए प्रताप नगर में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना और प्रदेश के 11 शहरों में 17 आवासीय योजनाएं लांच करने का निर्णय किया है। मंडल की ओर से प्रत्येक वर्ग की जरूरतों के हिसाब से उचित कीमत पर आवासीय योजना तैयार की गई है। मंडल अध्यक्ष भास्कर ए. सांवत की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में 27 प्रकरणों पर विचार किया गया।

लॉन्च होगी योजना

जयपुर के प्रताप नगर स्थित सेक्टर 26 में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना लांच की जाएगी। इसमें प्रत्येक स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकतानुसार कुल 674 फ्लैट निर्मित किए जाएंगे।

इन शहरों में मिलेगी सौगात

इसके तहत जयपुर के सिरोली, वाटिका, महलां, शाहपुरा, उदयपुर के दक्षिण विस्तार एवं देवारी, श्रीगंगानगर के सूरतगढ़, टोंक के निवाई, सिरोही के आबूरोड़, अजमेर के नसीराबाद, किशनगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में योजाएं लांच होंगी। इन योजनाओं में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग, अल्प आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग और उच्च आय वर्ग के लिए कुल 11 हजार 250 बनाए जाएंगे।